आकाशवाणी केन्द्र शिमला
21.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

अमरीका यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह तीन दिन की अमरीका यात्रा पर रवाना हो गए। इस दौरान वे कई उच्च स्तरीय बैठकों में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री चौथे वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडेन कर रहे हैं। इस सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन से लेकर महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। प्रधानमंत्री क्वाड समूह के अन्य नेताओं सहित अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। भारत अगले वर्ष क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। अपनी यात्रा के अंतिम दिन 23 सितंबर को नरेंद्र मोदी न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में समिट ऑफ फ्यूचर यानी भविष्य का शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार अनुसंधान व नवाचार के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण तंत्र को मजबूत करने के लिए एस.सी.ई.आर.टी और डाइट संस्थानों को सशक्त करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राथमिक व उच्च प्राथमिक अध्यापकों के नवाचार प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाएगा और अध्यापकों के लिए ब्रिज कोर्स कराए जाएंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार शैक्षिक मानकों को बढ़ाने और अध्यापक प्रशिक्षण प्रणाली में सुधार कर रही है। इसके अलावा नवाचार अपनाने के लिए अध्यापकों को एक्सपोज़र विजिट के लिए विदेश भेजने का कार्यक्रम भी शुरू किया गया है।

आर्थिक विकास

वाणिज्य विभाग ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों के दौरान निर्यातकों को सशक्त बनाने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और नवीन समाधानों के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा है कि इस अवधि के दौरान निर्यात को बढ़ावा देने और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए कई पहल की गईं। मंत्रालय ने कहा कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम निर्यातकों के लिए बढ़ा हुआ बीमा कवर पेश किया, जिससे कम लागत पर 20 हजार करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध होने की संभावना है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि शिक्षा क्षेत्र का विकास लगातार जारी है और विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर देने के लिए राज्य में इस समय एक सौ 31 महाविद्यालय है जबकि स्कूलों की संख्या 16 हजार के करीब है। रोहित ठाकुर ने आज शिमला जिले के राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कुपवी में जिला स्तरीय अंडर–19 छात्र खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मूल्यांकन सर्वेक्षण के मुताबिक शिक्षा के क्षेत्र में देश में हिमाचल 21वें स्थान पर है और इसमें सुधार के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। रोहित ठाकुर ने बताया कि कॉलेजों में 80 प्राचार्यों की नियुक्ति पदोन्नति के माध्यम से जबकि 20 प्राचार्यों की सीधी नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा विभाग में अध्यापकों के 2 हजार 8 सौ पद भरे जाएंगे और 6 हजार 2 सौ एन.टी.टी की भर्ती भी की जाएगी।

निषाद कुमार

पेरिस पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निषाद कुमार ने आज शिमला के विकासनगर में सरस्वती विद्या मंदिर में विद्यार्थियों और अध्यापकों से संवाद किया। उन्होंने युवाओं से खेलों से जुड़ने और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। निषाद कुमार ने कहा कि पैरा खेलों में पदक जीतने का सफर उनके लिए आसान नहीं रहा है और उन्होंने विकट परिस्थितियों के बावजूद खेलों के जुनून को ज़िंदा रखा है।

भाजपा मोर्चा

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी अणिमा सोनकर ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आरक्षण विरोधी रही है और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में आरक्षण को लेकर ऐसा ही बयान दिया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर राहुल गांधी देश को अपमानित करने का काम करते है। उन्होंने कहा कि आरक्षण खत्म करने संबंधी कांग्रेस नेता का बयान आरक्षित वर्गों के खिलाफ है।

अल्जाइमर दिवस

आज विश्व अल्जाइमर दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य अल्जाइमर बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाना और इससे जुडे नकारात्मक विचारों को दूर करना है। इस साल इस दिवस की थीम है– डिमेंशिया पर कार्रवाई करने का समय, अल्जाइमर पर कार्रवाई करने का समय। अल्जाइमर में मस्तिष्क सिकुड़ने लगता है, मस्तिष्क कोशिकाओं को नुकसान होता है जिससे याददाश्त कमजोर हो जाती है और सोच व व्यवहार प्रभावित होता है। इस बीमारी के लक्षण गम्भीर नहीं होते और आमतौर पर इन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है।

....